# यूपी - ब्रिटेन के बीच उच्च शिक्षा व्यापार, ईवी में भागीदारी बढ़ेगी

लखनऊ। ब्रिटिश उच्चायुक्त, लिंडी कैमरून ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के बाद लिंडी कैमरून ने ब्रिटेन और भारत के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

इस अवसर पर उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि सीएम योगी के साथ उनकी उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा, व्यापार, इलेक्ट्रिक वाहनों और अन्य क्षेत्रों में अवसरों और भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री योगी ने भी ब्रिटिश उच्चायुक्त के साथ हुई मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की।

**जताया आभार:** सीएम योगी ने अपने एक्स हैंडल पर तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर ब्रिटिश उच्चायुक्त, लिंडी कैमरून से शिष्टाचार मुलाकात की। इसके अलावा ब्रिटिश उच्चायुक्त ने वन मंत्री डा. अरुण कुमार सक्सेना से भी भेंट की। इसमें वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन आदि पर चर्चा हुई।

## पसंदीदा निवेश गंतव्य बना उत्तर प्रदेश

यूपी चमड़ा एवं टेक्सटाइल, स्वास्थ्य सेवा, सौर ऊर्जा, खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में ब्रिटेन के निवेशकों को अनेक अवसर प्रदान करता है। एबी मौरी जैसी कंपनियों ने पहले ही भारत में अपने निवेश गंतव्य के रूप में उत्तर प्रदेश को चुना है। इसी तरह उत्तर प्रदेश डिफेंस सेक्टर में निवेश के अवसरों के लिए यूके के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरा है।